आकाशवाणी शिमला

24.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय–डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालाँकि प्रत्येक मामले के आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।

तपेदिक दिवस

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को तेज करने के लिए हर वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों, किडनी, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क को प्रभावित करता है। इस वर्ष टीबी दिवस की विषयवस्तु है हां हम टीबी खत्म कर सकते हैं। आज ही के दिन 18 सौ 82 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के लिए जिम्मेदार जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की पहचान की थी। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे क्षय रोग को नियंत्रित करने की चुनौतियों के बारे में लोग जागरूक हो सकेंगे।

होली

रंगों का त्यौहार होली कल मनाया जाएगा। होली को लेकर देश सहित प्रदेश में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बाजारों में खरीददारी के लिए लोेगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रंग–बिरंगे गुलाल और तरह–तरह की पिचकारियों से बाजार गुलजार हैं। शिमला जिले में इस बार आर्गेनिक और हर्बल कलर के रंगों की बहुत ज्यादा मांग है। व्यापारियों का कहना है कि लोगों में होली को लेकर काफी उत्साह है। इस बीच सोलन जिले के बाजारों में भी होली को लेकर खूब रौनक देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बार वे होली मनाने के लिए आर्गेनिक रंग का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बधाई

इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने होली पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि ये त्यौहार भाईचारे की भावना को सुदृढ़ कर देश की एकता व अखंडता को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये त्योहार आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने एक संयुक्त बयान में भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के बागी विधायकों के भाजपा की सदस्यता लेने से ये बात स्पष्ट हो गई है कि इस पूरे षडयंत्र के पीछे भाजपा नेताओं का ही हाथ था। उन्होंने कहा कि भाजपा की शह पर ही बागियों ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की साजिश की थी। नेताओं ने कहा कि भाजपा का चेहरा और चरित्र प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रभाव में आकर ही बागी नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के विरूद्ध मतदान किया। नेताओं ने कहा कि इन विधायकों ने प्रदेश के इतिहास में अवसरवादी राजनीति का एक काला अध्याय जोड़ दिया है जिसके लिए प्रदेश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने अपने छोटे कार्यकाल में ही चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों में से 5 को पूरा कर दिया है। मंत्रियों ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव और उपचुनाव में प्रदेश के मतदाता धन बल की राजनीति को करारा जवाब देंगे।

जागरूकता कार्यक्रम

मतदान के महत्व और जागरूकता को लेकर मिशन–414 के तहत आज चम्बा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र सालोह में 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लें ताकि मजबूत लोकतंत्र का निर्माण किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता व अन्य लोग जो मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है वे अपना पंजीकरण मतदाता सूची में 4 मई तक अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले केन्द्रों में मिशन–414 के तहत विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशतता को बढ़ाया जा सके। इस मौके पर उपस्थित सभी स्थानीय लोगों ने दीवार पर मतदाता हस्ताक्षर करके लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मतदान करने की शपथ भी ली।